रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

राष्ट्र जागरण व इसके नव निर्माण में मातृ शक्ति का है महत्वपूर्ण योगदान– कुलपति प्रो. मिश्र

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव समिति द्वारा संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

जबलपुर 09 मार्च। राष्ट्र जागरण व इसके नव निर्माण में मातृ शक्ति ने त्याग समर्पण व बलिदान देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी से लेकर देश की सत्ता और सरकारी ओहदों पर काबिज महिलाओं ने नारी शक्ति का गौरव बढ़ाया है। ये विचार माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कौसिंल हॉल में आजादी का अमृत महोत्सव समिति की ओर से 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में बुधवार को आयोजित संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह के दौरान कही।

आजादी का अमृत महोत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व महापौर श्रीमती सुशीला सिंह जी ने कहा कि आज हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी से लेकर देश की सत्ता और सरकारी ओहदों पर काबिज महिलाओं ने नारी शक्ति का गौरव बढ़ाया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद स्वामी ज्ञानेश्वरी दीदी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में आत्म कल्याण और सुंदर समाज का निर्माण महत्वपूर्ण बिन्दू हैं। आज राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका की कभी भी अनदेखी नहीं की जा सकती है। समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सक्रिय सहभागिता निभाते हुए खुद को साबित किया है। महिलाओं की शक्ति को कभी कम नहीं आंका जा सकता। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दे रहीं सम्मानित मातृशक्ति का परिचय विवि वित्त नियंत्रक श्री राहित सिंह कौशल ने प्रस्तुत किया। सम्मानित महिलाओं एवं अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत आजादी का अमृत महोत्सव समिति संयोजक डॉ. देवीलता रावत ने किया। मंच पर प्रभारी कुलसचिव डॉ. एन.जी. पेण्डसे मौजूद रहे।

मातृशक्ति का हुआ विशिष्ट सम्मान–

विवि कौंसिल हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में धर्म एवं अध्यात्म के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए स्वामी ज्ञानेश्वरी दीदी, खेल (शूटिंग) के लिए सुश्री महिमा अग्रवाल, रेलवे विभाग से मदनमहल स्टेशन मास्टर श्रीमती आरती यादव, सफाई मित्र श्रीमती ज्योति बिरहा, संगीत के लिए सुश्री क्षिप्रा सुल्लेरे (जानकी बैण्ड), आतिथ्य एवं पर्यटन हेतु श्रीमती रेणु अरोरा, होटल विजन महल, कला एवं पेंटिंग हेतु सुश्री शैलजा सुल्लेरे, नगर निगम, वाहन चालक श्रीमती रोशनी सोनकर, महिला परिचालक श्रीमती सुरेखा रैकवार, स्वास्थ्य के क्षेत्र से श्रीमती थंगमणि पिल्ले (नर्स), अंजलि चटर्जी (नर्स), पुलिस के क्षेत्र से सुश्री रोशनी केसरवानी (सूबेदार यातायात) एवं खेल के क्षेत्र से विक्रम अवार्डी नीतू सिंह को अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन का संचालन डॉ. आशारानी एवं अभार प्रदर्शन विवि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्र ने किया। आयोजन में डॉ. राजेश्वरी राणा, डॉ. जया सिंह, आजादी का अमृत महोत्सव समिति

संयोजक डॉ. देवीलता रावत, डॉ. सरिता यादव सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं छात्राएं मौजूद रहीं।